(क) वन में गमन (ख) वन को गमन
(ग) वन के लिए गमन (घ) वन से गमन

(x) "हम राज्य लिए मरते हैं" कविता के अनुसार किसान संसार को कैसे समृद्ध बनाते हैं ? 1

10x1=10

## भाग-ख

2. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - 1

(i) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विशेषण बनाइए -
चिंता, परिवार

(ii) निम्नलिखित में से किसी एक समरूपी भिन्नार्थक शब्द-युग्म का प्रयोग वाक्य में इस तरह करें ताकि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए - 1
अन्न-अन्य, सपुत्र-सुपुत्र

(iii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द का विलोम शब्द लिखिए - 1
कंजूस, विस्तार

(iv) निम्नलिखित में से किसी एक अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए - 1
(क) मेरे को मंदिर जाना है।
(ख) मेधावी मेरी अनुज है।

(v)निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए - 1
हत + उत्साहित
अथवा
निम्नलिखित शब्द का संधिविच्छेद कीजिए -
पित्रर्पण

(vi) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द की भाववाचक संज्ञा बनाइए - 1
मीठा, अपना

(vii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - 1
दिन, इच्छा

(viii) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के अनेकार्थक शब्द (कम से कम दो) लिखिए - 1
हवा, धूप

(ix) निम्नलिखित समस्त पद (समास) का विग्रह कीजिए - 1
राजकुमारी
अथवा
निम्नलिखित विग्रह का समस्त पद (समास) बनाइए –
नीली है जो गाय

(x)निम्नलिखित में से किसी एक वाक्यांश (अनेक शब्दों) के लिए एक शब्द लिखिए - 1
पूर्वजों से प्राप्त हुई सम्पत्ति, जो नीति का ज्ञाता हो।

10x1=10

## भाग-ग

3. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 1+4=5

